हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन



14 पारदर्शिता और समयबद्धता से समझौता नहीं, नागरिकों को...



## खबर संक्षेप

### लूटपाट के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**हिसार।** सदर पुलिस ने हथियारों से हमले के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान प्रतान नगर निवासी शमशेर व भारत नगर के विशाल के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक विनोद ने बताया कि मामले में शिकायतकर्ता सुरेन्द्र निवासी ढाणी बुखारी ने शिकायत दी थी कि 24 जून की रात वह अपने साथी के साथ फॉर्च्यूनर गाड़ी में घर जा रहा था। कैंट के मुख्य द्वार के समीप दो गाड़ियों में सवार 8-10 युवकों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। आरोप है कि मुख्य आरोपी शमशेर उर्फ लालू व उसके साथियों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए, पिस्तौल दिखाकर दो लाख रुपये छीन लिए तथा लाठी-डंडों और गंडासी से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घटना के दौरान डायल-112 पुलिस वाहन आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस द्वारा पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### चोरी का आरोपी दबोचा आभूषण भी बरामद

**हिसार।** थाना अग्रोहा पुलिस ने गांव मीरपुर में हुई चोरी की वारदात का शीघ्र खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद किया है। इस संबंध में थाना अग्रोहा के प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि गत दिवस कृष्ण निवासी अग्रोहा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।
शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसके मकान से सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान मुख्य सिपाही मंजीत सिंह ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण करते हुए आरोपी की पहचान की। तत्पश्चात पुलिस टीम ने कार्रवाई कर मीरपुर निवासी अंकुश को गिरफ्तार कर लिया।

### 7 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली पुलिस चौकी टीम ने देवा रोड़ मंगाली से एक आरोपी को 7 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरजंट निवासी कुनाल फतेहाबाद हाल पीरांवाली के रूप में हुई। मंगाली पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि स्वयं अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराध की रोकथाम के लिए क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्होंने सूचना के आधार पर टीम के साथ एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बरामद हेरोइन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आजाद नगर थाना में मामला दर्ज किया गया।

## जल आंदोलन: चानौत धरने के 46वें दिन महापंचायत में लिए 4 बड़े फैसले

**बंद सोशल मीडिया चैनल बहाल नहीं हुए तो खापें लेंगी कठोर निर्णय**

# 3 को ज्ञापन, 4 को ट्रैक्टर मार्च व 6 को हाइवे पर लगाएंगे जाम

- 4 जुलाई को धरनास्थल से लेकर जलघर तक मानव श्रृंखला बनाने का भी लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भाखड़ा पाइपलाइन से पानी की मांग को लेकर चानौत गांव में चल रहा धरना मंगलवार को 46वें दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने जब तक चानौत गांव को भाखड़ा पाइप लाइन में टी लगाकर पानी नहीं दिया जाएगा तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा के संकल्प को दोहराया। वहीं मंगलवार को धरना स्थल पर आयोजित महापंचायत में खाप पंचायतों, किसान संगठनों और ग्रामीणों ने आंदोलन को और तेज करने के लिए 4 बड़े फैसले लिए हैं।

महापंचायत में निर्णय लिया गया कि चानौत गांव की मांग को पूरा करवाने के लिए विभिन्न खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों के उच्च अधिकारियों को 3 जुलाई को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक मांग पहुंचाएंगी। महापंचायत में 4 मार्च को धरना स्थल से जलघर तक ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में चानौत व आसपास के गांवों के किसान और ग्रामीण अपने ट्रैक्टर के साथ शामिल होंगे। धरने पर बैठे खाप पंचायतों व धरना कमेटी के सदस्यों ने कहा कि यदि सरकार ने 5 जुलाई तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रदेश के हाईवे जाम किया जाएगा। वहीं खाप पंचायतों ने सरकार को चेतावनी दी कि आंदोलन से जुड़े खबरें दिखाने वाले सोशल मीडिया चैनलों और पेजों को बंद किया गया है, अगर उन्हें बुधवार दोपहर तक बहाल किया जाए। ऐसा नहीं होने पर खाप पंचायतें सरकार के खिलाफ कठोर निर्णय और फरमान जारी करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।



हांसी। धरना स्थल पर आयोजित महापंचायत में भाग लेते धरना कमेटी व खाप पंचायत सदस्य तथा ग्रामीण।

### आरोप: 30 सोशल मीडिया अकाउंट व चैनल किए बंद

धरना समिति सदस्य अनूप चानौत ने आरोप लगाया कि आंदोलन से जुड़ी सूचना डालने पर 30 सोशल मीडिया अकाउंट व चैनल को बंद कर दिया है। सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इसमें 10 फेसबुक अकाउंट और 20 से सोशल मीडिया चैनल शामिल है। जिन किसान नेताओं और धरना कमेटी सदस्यों के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बंद किए गए हैं, उनमें अनूप चैनत (चानौत), सुरेश कौथ, हर्फ छिक्कारा, सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु, सुखराम, दीपक दूहन और योगेश दूहन आदि शामिल हैं। उधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आंदोलन से जुड़ी भड़काऊ सूचनाओं और अनर्गल वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। वहीं धरना कमेटी के सदस्यों का आरोप है कि सरकार और प्रशासन लोकतंत्र में उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

**महापंचायत में वक्ताओं ने दोहराया संकल्प:** जब तक चानौत गांव को भाखड़ा पाइप लाइन में टी लगाकर पानी नहीं दिया जाएगा; तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा

### टी कनेक्शन पर अड़े ग्रामीण

धरना स्थल पर आयोजित महापंचायत में वक्ताओं ने दोहराया कि भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन के जरिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण और खाप प्रतिनिधि धरने पर डटे हुए हैं। बता दें कि धरना कमेटी की सीएम नायब सिंह सैनी से भी चंडीगढ़ में वार्ता हो चुकी है, लेकिन उसमें भी सहमति नहीं बन पाई है। धरने पर बैठे चानौत के ग्रामीण भाखड़ा पाइलाइन से टी कनेक्शन के जरिए ही पेयजल आपूर्ति की मांग पर अड़े हुए है।



हिसार। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

# एचटेट की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

- 4 जुलाई को लेवल-3 तथा 5 जुलाई को लेवल-2 व लेवल-1 की होगी परीक्षा

**हिसार।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 व 5 जुलाई 2026 को आयोजित करवाई जा रही हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के पारदर्शी व नकल रहित आयोजन के लिए उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों की बैठक ली और परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की हिदायत दी। बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जुलाई को सायंकालीन सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा होगी तथा 5 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 12:30 बजे तक लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा एवं सायं कालीन सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल, घड़ी, पेजर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पूर्व तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात प्रातः कालीन सत्र में 9 बजे एवं सायं कालीन सत्र में 2 बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति होगी।

### महिलाओं को मंगलसूत्र बिन्दी व सिंदूर की ही छूट

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएं। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन/अशक्त अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। अन्य किसी प्रकार के आभूषण जैसे अंगूठी, चैन, बालियां इत्यादि ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी।

### परीक्षा केंद्रों पर समय पर जैमर लगाने के आदेश

डीसी ने कहा कि बोर्ड द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में समय पर जैमर, बायोमेट्रिक डाटा कैप्चरिंग, वीडियोग्राफी, सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाना सुनिश्चित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों के नजदीक डॉक्टरों की टीम सहित एंबुलेंस तैनात की जाएं तथा इनमें ओआरएस के अलावा आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध हों। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश रोहित, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी तथा परीक्षा केंद्रों से संबंधित विद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हांसी में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर आठ एकड़ में बने कच्चे सड़क नेटवर्क तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला योजनाकार विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा अभियान के तहत मंगलवार को इंद्रावती एन्क्लेव के पास करीब 8 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर कच्चे सड़क नेटवर्क और अन्य प्रारंभिक विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया।

### डीटीपी-बीडीपीओ की मौजूदगी में कार्रवाई

यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं बीडीपीओ हांसी-1 अशोक कुमार की निगरानी में हुई। अभियान में जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह, फील्ड इंस्पेक्टर सपना, डीटीपी विभाग की प्रवर्तन टीम शामिल था। जेसीबी मशीनों से अवैध कॉलोनी के कच्चे रास्तों को उखाड़ दिया गया। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



### बिना स्वीकृति के हो रही थी प्लॉटिंग

जिला योजनाकार विभाग अधिकारी दिनेश सिंह के अनुसार, यह कॉलोनी बिना किसी विभागीय स्वीकृति और लाइसेंस के विकसित की जा रही थी। कॉलोनाइजर ने जमीन पर कच्ची सड़क नेटवर्क बनाकर प्लॉटिंग की तैयारी कर ली थी, लेकिन प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई कर अवैध विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन और नगर योजनाकार विभाग द्वारा हांसी क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले भी शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर सड़कें, डीपीसी, बाउंड्री वॉल और अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को बख्शा नहीं जाएगा।

### निवेश से पहले वैधता जांचें

डीटीपी दिनेश सिंह ने आमजन से अपील की है कि किसी भी कॉलोनी या प्लॉट में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग से लाइसेंस और स्वीकृति की पुष्टि किए बिना प्लॉट खरीदने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने दबोचा हिस्ट्रीशीटर

**हिसार।** 12 क्वार्टर पुलिस चौकी की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ वर्ष से फरार हिस्ट्रीशीटर आरोपी मनदीप वासी भगाना को गिरफ्तार किया है। एसपी सिद्धांत जैन के निर्देश पर फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे।

सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर आरोपी मनदीप वासी भगाना सैक्टर 1-4 क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई राकेश कुमार ने अपनी टीम के साथ योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मनदीप वासी भगाना के विरुद्ध लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचकर फरार चल रहा था।

## पति और पत्नी के बीच विवाद में साले ने की फायरिंग, बाथरूम में छिपकर बचाई जान

- वारदात के बाद आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार चुंगी के पास स्थित आर्य नगर में पति-पत्नी के बीच दिन में हुई आपसी कहासुनी के बाद सोमवार देर रात पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पत्नी के भाई ने अपने जीजा पर घर में घुसकर उसके ऊपर गोली चला दी। लेकिन समय रहते जीजा ने बाथरूम में छिपकर अपनी जान बचाई, जबकि गोली बाथरूम के दरवाजे में जा धंसी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

आर्य नगर कॉलोनी निवासी गुरदीप ने बताया कि सोमवार दिन में उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी ने हिसार अपने भाई कमल को फोन कर घर बुला लिया और वह अपनी बहन को साथ लेकर चला गया। गुरदीप का आरोप है कि जाते समय कमल ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी।



हांसी। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम व गोली लगने से दरवाजे पर बना सुराख।

### डायल 112 पर फोन कर पुलिस को दी सूचना

गुरदीप के अनुसार, सोमवार देर रात करीब एक बजे कमल गेट कूदकर घर के अंदर घुसा और उस पर फायर कर दिया। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाथरूम में छिप गया। गोली बाथरूम के दरवाजे में लगी। इसके बाद उसने बाथरूम के अंदर से ही डायल-112 पर फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर गोली का खाली खोल सहित अन्य साक्ष्य जुटाए। तथा गुरदीप के बयान पर उसके साले कमल पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस जांच कर रही है कि फायरिंग लाइसेंसी हथियार से की गई थी या अवैध देसी हथियार से।

**सख्ती** | बबीता चौधरी बनीं जिला नोडल अधिकारी, 'शी-बॉक्स' बनेगा महिलाओं का सुरक्षा कवच

# दफ्तरों में 'बॉसगिरी' और बदसलूकी पर कसेगा शिकंजा

**संविदा कर्मी से घरेलू कामगार तक हर कामकाजी महिला को मिला है सुरक्षा का कानूनी अधिकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

क्या कोई महिला सिर्फ इसलिए काम करना छोड़ दे या घुट-घुट कर जिए, क्योंकि उसका कार्यस्थल सुरक्षित नहीं है? बिल्कुल नहीं। कार्यस्थल पर सम्मान और सुरक्षा कोई उपकार नहीं, बल्कि हर कामकाजी महिला का बुनियादी हक है। इसी हक को मजबूती देने और दफ्तरों में महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। इस मुहिम के तहत हिसार जिले की कमान संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी बबीता चौधरी को सौंपी गई है, जिन्हें जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब जिले के किसी भी सरकारी या निजी संस्थान में महिलाओं के साथ होने वाले मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### कानून का दायरा

'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं परितोष) अधिनियम 2013' को लेकर अक्सर यह भ्रम रहता है कि यह सिर्फ बड़ी कंपनियों या सरकारी दफ्तरों पर लागू होता है, लेकिन सच यह है कि यह कानून नियमित, संविदा, अस्थायी और इंटर्नशिप कर रहीं सभी महिलाओं को सुरक्षा देता है। यहां तक कि घरों में काम करने वाली घरेलू महिला कामगार भी इस कानून के तहत न्याय मांग सकती हैं।

**यदि किसी छोटी दुकान, क्लीनिक या दफ्तर में 10 से कम लोग काम करते हैं, तो वहां की पीड़िताएं जिला स्तर पर बनी 'स्थानीय समिति' को अपनी शिकायत सीधे दे सकती हैं।**

### आंतरिक शिकायत समिति जरूरी

हर बड़े संस्थान में 'आंतरिक शिकायत समिति' (आईसीसी) का होना अनिवार्य है। जिला नोडल अधिकारी बबीता चौधरी ने जिले के सभी सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे तुरंत इन कमेटियों का गठन करें और इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। यौन उत्पीड़न केवल महिलाओं की समस्या नहीं है बल्कि सुरक्षित, सम्मानजनक एवं उत्पादक कार्य स्थल के निर्माण से जुड़ा सामाजिक एवं कानूनी दायित्व है।

### जानिए क्या है 'शी-बॉक्स' ?

लोकलाज या नौकरी जाने के डर से जो महिलाएं खुलकर सामने नहीं आ पातीं, उनके लिए डिजिटल दुनिया का 'शी-बॉक्स' सबसे बड़ा हथियार है। कोई भी पीड़िता सीधे www.shebox.nic.in पर शिकायत दर्ज कर सकती है।

### जानें... कैसे काम करता है एक्शन प्लान

पोर्टल पर शिकायत आते ही इसे सीधे संबंधित विभाग की आंतरिक समिति को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है। इस सिस्टम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि इसकी मॉनिटरिंग सीधे उच्च स्तर से होती है, जिससे कोई भी विभाग शिकायत को दबा नहीं सकता।

### इस कानून के तहत ये हैं अधिकार

- सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल का अधिकार।
- शिकायत दर्ज कराने का अधिकार।
- गोपनीयता का अधिकार।
- निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच का अधिकार।
- भेदभाव एवं उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार।

### अब गांव-गांव गूंजेगी इस कानून की आवाज

इस कानून को महज फाइलों तक सीमित न रखकर जिला, ब्लॉक और ग्रामीण स्तर पर एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी दफ्तरों और फैक्ट्रियों में नुक्कड़ नाटकों और सेमिनार के जरिए महिलाओं को जागरूक किया जाएगा।

## दिनदहाड़े तोड़े ज्वेलर्स शॉप के शीशे

- आदमपुर की काकड़ मार्केट में शाम 5 बजे हुई वारदात, छानबीन शुरू


**आदमपुर।** आदमपुर में सोमवार शाम करीब 5 बजे काकड़ मार्केट में देखने को मिला, जहां बदमाशों ने एक बंद ज्वेलर की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी का प्रयास किया। हालांकि, आसपास के दुकानदारों की मुस्तैदी के चलते चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, काकड़ मार्केट स्थित मनीराम सोनी के प्रतिष्ठान के मालिक अपने बेटे के साथ दुकान का शीशा लॉक करके किसी काम से हिसार गए हुए थे। इसी दौरान बदमाशों ने दिनदहाड़े भारी-भरकम हथौड़ों से दुकान के सामने लगे मजबूत शीशों पर ताबड़तोड़ वार किए। जब भारी आवाज के साथ शीशे टूटकर नीचे जा गिरे, तो बाजार में हड़कंप मच गया।

शीशे टूटने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार तुरंत मौके की तरफ दौड़े। दुकानदारों ने जब बदमाशों की इस हरकत को देखा तो उन्होंने शोर मचाते हुए उन्हें चारों तरफ से ललकारा। खुद को घिरता देख और पकड़े जाने के डर से बदमाश दुकान के अंदर रखे कीमती जेवरात समेटने से पहले ही मौके से भाग निकले। दुकान मालिक मनीराम सोनी ने बताया कि आसपास के दुकानदारों की सतर्कता के कारण दुकान में रखी बड़ी नकदी और जेवरात चोरी होने से बाल-बाल बच गए।



### दो युवकों को लिया हिरासत में

सरेबाजार हुई इस वारदात की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



# एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।




# यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



# फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह


**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



# अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

# उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

## बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

# खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग



मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।

## किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।** किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप

### एक माह का समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

**हिसार।** जाट कॉलेज परिसर में फुटबॉल ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित एक माह का समर कैंप मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह कैंप 1 जून से 30 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 75 से 80 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रवक्ता प्रवीण राजोरिया ने बताया कि कैंप के दौरान खिलाडियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया गया, जिससे बच्चों के खेल कौशल में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।

### सीनियर लैब असिस्टेंट पद पर मिली पदोन्नति

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत विकास और सविता को सीनियर लैब असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान द्वारा की गई। कार्यकारिणी ने कुलपति डॉ विनोद कुमार वर्मा व अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान का धन्यवाद व्यक्त किया है।

### गायन, वादन व नृत्य की परीक्षाएं करवाईं

**हिसार।** मुल्तानी चौक स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय एंड योग सेंटर में संगीत के सभी विषयों जैसे गायन-वादन- नृत्य- फाइन आर्ट पेंटिंग /ड्राइंग की कक्षा संगीत प्रारंभिका से लेकर संगीत प्रभाकर तक की सभी क्रियात्मक परीक्षाएं संपन्न करवाई गई। कार्य परीक्षक के रूप में दिल्ली से आए अमृत पाल सिंह कोहली व रणजीत कौर रहे। कार्य परीक्षक द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षाओं का मूल्यांकन किया गया। कार्य परीक्षक द्वारा छात्र एवं छात्राओं को उनकी प्रस्तुतियों के लिए बहुत सराहा गया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या अविनाश कौर मौजूद थीं।

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर संपन्न

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन जैन भवन, मॉडल टाउन में सम्पन्न हुआ। शिविर में बच्चों ने योग, प्रार्थना, नैतिक शिक्षा, देशभक्ति गीत, भारतीय संस्कृति तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि संदीप गोयल, वरिष्ठ अतिथि डॉ. जयप्रकाश तथा राधा सखी मण्डल की महिला सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समापन अवसर पर बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की गई तथा अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

### नशे के खिलाफ चलाया विशेष सर्च अभियान

**नारनौंद ।** नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी के तहत गांव राजथल में बड़े स्तर पर सर्च अभियान चलाकर घरों की तलाशी की गई और चेतावनी दी कि वह भविष्य में अवैध नशा बेचने का काम करेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों, संदिग्ध स्थानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सघन तलाशी अभियान चलाया।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक काबू

**हांसी।** सीआईए हांसी ने सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणा कलां निवासी जनक के रूप में हुई है, पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 20,500 रुपये की नकदी, सट्टा पर्चियां और एक पेन बरामद किया गया। सीआईए के उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान हिसार-हांसी रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव ढाणा कलां निवासी एक व्यक्ति जमावड़ी रोड स्थित टी-पॉइंट के पास सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा चला रहा है।

## कम वोल्टेज और बार-बार बिजली कट की समस्या से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

# गांधीगिरी: बिजली निगम के अफसरों के समर्थन में लगाए जिंदाबाद के नारे

- एसडीएम व एसडीओ ने आश्वासन देकर कराया शांत
- बिजली निगम अधिकारियों को दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद




**नारनौंद।** बिजली निगम में नारेबाजी करते हुए गांव राजथल के ग्रामीण। व ग्रामीण एसडीएम विकास यादव से बातचीत करते हुए।

गांव राजथल में पिछले काफी दिनों से बिजली की काफी कम वोल्टेज और कटों की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बिजली निगम के कार्यालय पर पहुंचकर बिजली निगम के अधिकारियों के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाकर गांधीगिरी तरीके से प्रदर्शन किया। इस समस्या का समाधान करवाने के लिए ग्रामीण निगम के अधिकारियों के बार-बार चक्कर काटने को मजबूर हैं। बिजली निगम के एसडीओ और नारनौंद के एसडीएम विकास यादव ने जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर 10 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का तरीका बदलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बिजली समस्या से परेशान गांव राजथल के ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि अनिल, दिलबाग, वीरेंद्र, शमशेर, जगरूप, संदीप, सुनील, पवन, निर्मला, मोनिका, खुजानी, शांति, सोनिया, अनीता, अंजू, बिमल, सोनिका, नीलम, रोशनी, पूनम, संगीता, पूजा सहित अन्य ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर नारनौंद बिजली निगम के कार्यालय में पहुंचे। ग्रामीणों ने उग्र प्रदर्शन न करके शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। बिजली निगम के एसडीओ प्रदीप हुड्डा को ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी महीनों से उनके गांव में बिजली काफी कम वोल्टेज में आ रही है। इसकी वजह से बिजली से चलने वाले उपकरण बार-बार खराब रहे हैं और गर्मी के मौसम में बच्चों व बुजुर्गों सहित जच्चा-बच्चा महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पहले उनके गांव की बिजली की आपूर्ति नारनौंद बिजली घर से होती थी लेकिन पिछले कुछ महीनों से गांव बुढाना के बिजली सब स्टेशन से लाइन जोड़कर वहां से बिजली दी जा रही हैं। तभी से कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके गांव की बिजली दोबारा से नारनौंद बिजली घर से जोड़ी जाए।

### एस्टीमेट बनाकर भेजो : एसडीओ

बिजली निगम के एसडीओ प्रदीप हुड्डा ने बताया कि गांव में बिजली की वोल्टेज की चेक करवाया गया था गांव में काफी कम वोल्टेज जा रही हैं। ग्रामीणों ने नारनौंद से बिजली सप्लाई की मांग की है। इसका एस्टीमेट बनाकर अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। जल्द ही बिजली की लाइन यहां से जोड़ दी जाएगी।

### जल्द ही समाधान करवाया जाएगा : एसडीएम

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि ग्रामीणों की जो समस्या है उसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द ही करवा दिया जाएगा।

## दवा लेकर लौट रही महिला के कानों की बाली छीनी

- महिला समेत दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी मंदिर के समीप एक बिजली निगम की महिला कर्मचारी तथा मिनी माडल टाउन निवासी 57 वर्षीय सरोज से झपटमारी की वारदात सामने आई है। बालियां छीनने की पुरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शहर थाना पुलिस ने सरोज शर्मा की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ छीना-झपटी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रही महिला व दोनों युवकों की पहचान करने के प्रयास में लगी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सरोज शर्मा ने बताया कि वह शनिवार दोपहर बड़सी गेट अंदर स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर पैदल ही घर लौट रही थी। और जैसे ही वह सोनाक्षी अस्पताल के समीप पहुंची तो पीछे से आई एक महिला ने सरोज से पूछा कि कहां जाओगी तो सरोज ने कहा कि वह तो काली देवी मंदिर के पास जाएगी। सरोज के अनुसार इस दौरान उस महिला ने उसके चेहरे पर हाथ लगाया तो उसे चक्कर आने लगे तो वह सड़क पर बैठ गई जिसके बाद उक्त महिला और उसके साथ आ रहे दो युवक भी उसे सहारा देने के बहाने उसके पास बैठ गये और उसके कानों से सोने की बालियां निकाल कर मौके से फरार हो गए। सरोज ने बताया कि जब उसे होश आया तो दोनों कानों की बालियां गायब मिली। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### भाजपा नेता रामनिवास की भाभी का निधन



हिसार भाजपा नेता एवं विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे रामनिवास राड़ा सैनी की बड़ी भाभी केसर देवी का मंगलवार को निधन हो गया। वे 85 वर्ष थी और वे पिछले काफ़ी समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार ऋषि नगर स्थित श्मशान भूमि में किया गया। उनकी शोक सभा 1 जुलाई से 9 जुलाई तक निवास स्थान रामलीला चौक, महावीर कॉलोनी में होगी व रस्म पगड़ी 10 जुलाई की होगी।

## 23.95 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

# तोशाम रोड से कैमरी गंगवा लिंक रोड तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



रणबीर गंगवा

क्षेत्र के सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने तोशाम रोड (कैमरी माइनर के साथ) से कैमरी गंगवा लिंक रोड तक सड़क के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्ताव के अनुसार इस परियोजना पर 23.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह कार्य मुख्यमंत्री घोषणा के तहत प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित सडक़ संपर्क उपलब्ध होगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद कैमरी, गंगवा तथा आसपास के गांवों के निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि, व्यापार एवं दैनिक यातायात को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगामी कार्रवाई शुरू की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। यह परियोजना क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ विकास को नई गति प्रदान करेगी।

# आज से होगा सीवरेज सफाई का कार्य

## सेक्टर-33 की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** सेक्टरवासियों के साथ निरीक्षण करते एचएसवीपी अधिकारी।

सेक्टर-33 की सड़क, सीवर और ड्रेनेज संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक रामकुमार संगवाल के निवास स्थान पर आयोजित हुई, जिसमें एचएसवीपी के एसडीओ व जेई विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भारी संख्या में एकत्रित हुए सेक्टरवासियों ने अपनी समस्याओं और महत्वपूर्ण सुझावों को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा। अधिकारियों ने निवासियों की सभी शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना। इसके बाद अधिकारियों ने केवल बैठक तक सीमित न रहकर, तुरंत मौके पर पहुंचकर प्रभावित जगहों का भौतिक निरीक्षण भी किया ताकि समस्याओं की जमीनी हकीकत को समझा जा सके। सेक्टरवासियों की मांगों और समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों ने सेक्टर की सीवर लाइन और ड्रेनेज पाइपों की गहन सफाई का कार्य बुधवार से ही धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा। सेक्टर में बनने वाली सभी पांचों नई सड़कों का निर्माण कार्य सेक्टरवासियों की आवश्यकताओं और उनके द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप ही कराया जाएगा। बैठक के अवसर पर सेक्टर के प्रधान धर्मवीर पानू ने सभी सेक्टरवासियों के सहयोग और एकजुटता के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी

### सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षकों को दी विदाई

**हिसार।** पुलिस विभाग में अपने दीर्घ एवं सराहनीय सेवाकाल को पूर्ण करने वाले चार पुलिस निरीक्षकों के सम्मान में मंगलवार को जीओ मैस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएसपी सुनील कुमार द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की गई तथा उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर अमर सिंह, इंस्पेक्टर सतवीर सिंह, इंस्पेक्टर होशियार सिंह व इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार को विदाई देते हुए एसपी सुनील कुमार ने कहा कि इन अधिकारियों की सेवाएं विभाग के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी।



### सेवानिवृत्ति पर इंस्पेक्टर को भेंट की साइकिल

**नारनौंद।** पुलिस में 38 साल की सेवा देने के बाद इंस्पेक्टर भीम सिंह सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए उनको साइकिल भेंट किया गया है। कहीं पर भी आने-जाने के लिए वह साइकिल का प्रयोग कर सके। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले आर्नरी निरीक्षक भीम सिंह को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया हैं। भीम सिंह ने लंबे समय तक नारनौंद क्षेत्र में अपनी सेवाएं देकर यहां पर कानून व्यवस्था रखने में अपना सहयोग किया। सभी पुलिसकर्मियों की तरफ से उनको साइकिल भेंट किया गया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर कविता, सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र, विनोद कुमार, रमेश कुमार, कुलबीर, जसबीर, रामलाल, नीलम आदि मौजूद थे।



### रोडवेज हिसार डिपो के चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**हिसार।** रोडवेज डिपो में साझा संघर्ष समिति की ओर से रोडवेज परिवार के चार कर्मचारियों सेवानिवृति के उपलक्ष्य में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विभाग में अपने लंबे सेवाकाल को पूरा कर सेवानिवृत्त हुए इन कर्मचारियों को विदाई देने के लिए डिपो परिसर में गरिमामयी माहौल देखने को मिला। इस विदाई समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य निरीक्षक सुरेश पूनिया रहे। उनके साथ ही यार्ड मास्टर राजेंद्र, छपार से चालक जयबीर तथा चालक दलबीर सिंह का भी सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों ने सम्मान किया। समारोह के दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों ने चारों सेवानिवृत्त साथियों को पुष्पमालाएं पहनाईं और उन्हें स्मृति-चिह्न व सम्मान स्वरूप भेंट देकर उनके उत्कृष्ट व समर्पित सेवाकाल की दिल खोलकर सराहना की।



### पुलिस के दो सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लंबे सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए आर्नरी निरीक्षक भीम सिंह और मुख्य सिपाही सुभाष कुमार को सम्मानित किया गया। समारोह में डीएसपी देवेंद्र नैन ने दोनों कर्मचारियों को स्मृति चिह्न भेंट कर तथा पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एवं समस्त हांसी पुलिस परिवार की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवन के नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# कल बिजली मंत्री का करेंगे घेराव

## खेदड़ थर्मल पावर प्लांट में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट, खेदड़ में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। केंद्रीय परिषद के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार और एचपीजीसीएल प्रबंधन पर मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन की अध्यक्षता केंद्रीय परिषद के उपप्रधान एवं खेदड़ यूनिट के सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने की, जबकि मंच संचालन सहसचिव दीपक सहरावत ने किया। दलजीत पंघाल ने कहा कि बिजली निगमों के कर्मचारियों की लंबे समय से मांगों पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में केंद्रीय परिषद ने आंदोलन तेज करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को पूरे प्रदेश के बिजली कर्मचारी बिजली मंत्री का घेराव करेंगे। इस मौके पर यूनिट प्रधान राजवीर सोनी, यूनिट सचिव सुरेश सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, दीपक कक्कड़, इंद्रपाल गोदारा, शीशपाल नैन आदि मौजूद रहे।

### समर कैंप : रंगारंग कार्यक्रमों से किया मुग्ध



**हांसी।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन मंगलवार को बाल भवन में अत्यंत उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र मलिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र अत्री, प्रधान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिरकत की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों ने देशभक्ति गीतों, हरियाणवी लोक संस्कृति, समूह नृत्य, संगीत, योग, चित्रकला तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बिब्यान ने कहा कि समारोह के दौरान समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर प्रदर्शन की चेतावनी

हिसार संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की संयुक्त बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंटक के जिला अध्यक्ष धर्मबीर लोहान ने की। बैठक में विभिन्न मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने निर्माण मजदूरों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा आगामी आंदोलन की रणनीति तय की। बैठक को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी ने कहा कि निर्माण मजदूरों का ऑनलाइन पोर्टल लगभग 11 महीनों तक बंद रहा। सरकार द्वारा पोर्टल चालू करने की घोषणा के बावजूद आज भी पोर्टल पर कोई प्रभावी कार्य नहीं हो रहा है। इससे प्रदेश के लाखों निर्माण मजदूर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और श्रम विभाग ने शीघ्र मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 10 जुलाई को श्रम मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

### यमुना जल समझौते को मूर्त रूप देने का स्वागत



हिसार। पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूपवाला ने हरियाणा और राजस्थान के बीच 32 वर्ष पुराने यमुना जल समझौते को मूर्त रूप दिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, दूरदर्शी और जनहितकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तथा हरियाणा और राजस्थान की सरकारों ने वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाकर लोगों के हित में सराहनीय कार्य किया है। सुरेश गोयल ने कहा कि यमुना नदी में मानसून के दौरान आवश्यकता से अधिक आने वाला पानी अब व्यर्थ बहने या हरियाणा में बाढ़ एवं तबाही का कारण बनने के बजाय जनकल्याण में उपयोग होगा।

# सीसवाला के अजय फगेडिया को मिला 38 लाख का पैकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



अजय फगेडिया।

सीमित संसाधन और कठिन परिस्थितियां कभी भी प्रतिभा के आगे बाधा नहीं बन सकतीं। इस बात को सच कर दिखाया है जिले के सीसवाला निवासी अजय फगेडिया ने। ग्रामीण परिवेश से निकलकर अजय ने सफलता का ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। उन्हें हाल ही में अमेरिकी आईटी कंपनी से 38 लाख रुपये वार्षिक पैकेज का ऑफर मिला है। अजय की शुरुआती पढ़ाई सरकारी स्कूल से हुई। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए लंबा और संघर्षपूर्ण सफर तय किया है। आईटी क्षेत्र में कदम रखने से पहले अजय ने करीब 7 से 8 वर्षों तक परिवार के साथ खेतों में काम किया। अजय का मानना है कि खेतों की कड़ी मेहनत ने ही उन्हें अनुशासन, लगन और रुपये की कीमत सिखाई।

### 11,500 रुपये की नौकरी से शुरुआत

अजय की सफलता की राह आसान नहीं थी। शुरुआती दौर में आईआईटी में दाखिला न मिलने पर उन्होंने हार नहीं मानी और डिप्लोमा किया। इसके बाद 2016 में बीटेक प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 12वीं रैंक हासिल कर सबको चौंका दिया। वर्ष 2019 में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में बीटेक पूरा करने के बाद उन्होंने महज 11,500 रुपये प्रति माह के वेतन पर एक सर्विस-बेस्ड आईटी कंपनी से करियर की शुरुआत की थी। वर्तमान में, अजय बेंगलुरु में एक सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं और आईटी उद्योग में उन्हें लगभग साढ़े छह वर्षों का अनुभव है। लगातार नई तकनीकों को सीखने, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उनका वार्षिक पैकेज पहले 10 लाख, फिर 19.50 लाख, 23 लाख और अब 38 लाख रुपये तक पहुंच गया है।

### योगासन में भारत की उपलब्धि ने बढ़ाया देश का मान : ईश आर्य

**हिसार।** इंडियन योग एसोसिएशन हरियाणा चैप्टर के चेयरमैन ईश आर्य एवं योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मीडिया डायरेक्टर सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा योगासन स्पोर्ट्स को आयुष विभाग के स्थान पर खेल विभाग के अंतर्गत शामिल किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय तथा मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योगासन की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख किए जाने पर योग जगत में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। हरियाणा सरकार का यह निर्णय प्रदेश के लाखों योगासन खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतियोगितात्मक योग से जुड़े युवाओं के लिए ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी कदम है। इससे योगासन स्पोर्ट्स को नई पहचान, नई दिशा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

# गोमाता की रक्षा करना हर व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज:बरवाला



बरवाला श्री विकलांग गोशाला, बनभौरी रोड, बरवाला में श्री महंत विनय गिरी महाराज के कर कमलों द्वारा गौशाला में नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत विनय गिरी महाराज ने कहा कि गोमाता की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है।

उन्होंने सभी से जल संरक्षण, अधिक से अधिक पौधारोपण तथा नारी सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। महंत विनय गिरी महाराज ने लोगों से अपील की कि किसी भी अवसर पर आतिशबाजी और पटाखों का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि पटाखों से होने वाला वायु प्रदूषण पृथ्वी के समस्त प्राणी जगत, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि धान और गेहूं की पराली में आग न लगाएं।

**सूचना**

मैं, साहब सिंह पुत्र श्री जैमल बिश्नोई निवासी सीसवाल, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रमेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी संजय दत्त से मिले एडवोकेट खोवाल

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के नवनियुक्त हरियाणा प्रदेश प्रभारी और पूर्व एमएलसी संजय दत्त के घोषित दिल्ली दौरे के तहत मंगलवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन (एआईसीसी मुख्यालय) में हरियाणा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल,स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल,कांग्रेस के वरिष्ठ ओबीसी लीडर सुरेंद्र सैनी और जगदीश बिश्नोई सहित अनेक नेताओं ने नए प्रभारी संजय दत्त से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट कर नए कार्यभार के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### गुजवि शिक्षिका का आईआईटी दिल्ली प्रोग्राम में चयन



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल एवं पर्यावरण इंजी. विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अनीता सिंह किरड़ोलिया का चयन प्रतिष्ठित 'सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एजुकेशन एक्सीलेंस' (सीईईई) प्रोग्राम 2026-27 के लिए हुआ है। यह प्रोग्राम इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग (आईएनएई) की एक प्रमुख मेंटरशिप पहल है, जिसे इन्फोसिस फाउंडेशन और (एआईसीटीई) के सहयोग से संचालित किया जाता है।




### कवियों ने सामाजिक मुद्दों पर बांधा समां

**हिसार।** टाउन पार्क में साहित्य चेतना मंच द्वारा मासिक गोष्ठी का आयोजन ऋषि सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित की गया। मंच का संचालन जय भगवान लाडवाल ने किया जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर सूर्यवंशी कमल हांडा थे। कार्यक्रम की शुरूआत संत कबीर दास के दोहे से की गई। इस मौके पर जयभगवान लाडवाल ने सुनाया 'लोग कहते है मंहगाई बढ़ी है, महंगाई बढ़ी है, कहां बढ़ी है महंगाई, एक कार रोड पर, एक कार घर खड़ी है।

### छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 25 से 30 जून तक छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत सीबीएसई तथा इनहाउस वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के साथ आसपास के विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

### महिला-किसान संगठनों ने धरने को दिया समर्थन

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष सांझा संघर्ष समिति का धरना मंगलवार को 47वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों के इस लंबे संघर्ष को अब जनवादी महिला समिति की जिला सचिव बबली लांबा, सरबजीत कौर, किसान नेत्री कमला देवी तथा एसकेएस के पूर्व जिला प्रधान सुरेंद्र मान सहित विभिन्न महिला एवं किसान संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। मांगों को न्यायोचित ठहराते हुए समाधान की पैरवी की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## पदभार संभालते ही निगमायुक्त एक्शन मोड में

# अधिकारियों को कार्यप्रणाली सुधारने के दिए निर्देश

### सी जयाश्रद्धा ने हर विंग की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम की कमान संभालते ही नवनियुक्त निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को उन्होंने पहली बार नगर निगम कार्यालय का दौरा कर विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अमले में कसावट लाते हुए विभिन्न शाखाओं के कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित बनाने के कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। इस मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई कर्मपाल सिंधू, सचिव संजय शर्मा, अकाउंटेंट राधेश्याम तथा कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा सहित अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**हिसार।** निरीक्षण के दौरान दिशानिर्देश देती निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा।

### हर विंग में जाकर लिया फीडबैक

निगमायुक्त ने निगम की कार्यप्रणाली को जमीनी स्तर पर समझने के लिए खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने जीआईएस लैब, इलेक्ट्रिक, भूमि, तकनीकी, प्रॉपर्टी टैक्स, बागवानी, सीपीओ, अकाउंट, ऑडिट, स्थापना, आरटीआई, एचवीसी, आईटी सेल, डीएमसी शाखा के साथ-साथ जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीकरण शाखा और नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) का सघन दौरा किया। निगमायुक्त ने प्रत्येक पटल पर जाकर तैनात कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और फाइलों के निपटान व उपलब्ध संसाधनों की वस्तुस्थिति जानी।

### नियमित प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार रखने के आदेश

निरीक्षण के दौरान सी. जयाश्रद्धा ने सभी शाखा प्रभारियों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट (प्रोग्रेस रिपोर्ट) नियमित रूप से अपडेट रखें, ताकि विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों की समय-समय पर प्रभावी समीक्षा की जा सके। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि पारदर्शिता, समयबद्ध कार्य और बेहतर जनसेवा ही हमारी प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और कर्मचारी निजी स्वार्थ छोड़ टीम भावना के साथ काम करें, ताकि शहर के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित सेवाएं बिना किसी बाधा के मिल सकें।

# नालों की सफाई कार्य को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

- बरसाती पानी निकासी व्यवस्था को लेकर सीटीएम ने किया शहर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आगामी मानसून सीजन को देखते हुए शहर में बरसाती पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीटीएम हिमांशु चौहान ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न न हो। सीटीएम ने अपने निरीक्षण की शुरुआत श्री काली देवी चौक के निकट स्थित नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर की। इसके बाद उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर चौक, मित्तल हॉस्पिटल सहित शहर के जलभराव वाले अनेक प्रमुख स्थलों का दौरा कर मौके पर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालों की सफाई की प्रगति, पानी की निकासी की स्थिति तथा संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। नगर परिषद के अधिकारियों ने सीटीएम को जानकारी दी कि शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए 10 बड़े नाले चिन्हित हैं, जिनमें से कई नालों की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष नालों की सफाई का कार्य निरंतर प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि मानसून से पहले सभी नालों को पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है।



**हांसी।** भिवानी रोड़ पर बने बरसाती नाले की सफाई का निरीक्षण करते सीटीएम हिमांशु चौहान व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कोताही बर्दाश्त नहीं

इस पर सीटीएम हिमांशु चौहान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नालों की सफाई के कार्य में किसी प्रकार की कोताही या ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़े तो नगर परिषद अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग करते हुए मशीनरी हायर कर सकती है, लेकिन सफाई कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या आमजन के लिए परेशानी का कारण बनती है, इसलिए प्रशासन इस विषय को गंभीरता से ले रहा है।

## जमीन से तीन फीट ऊंचाई पर खुले फ्यूज, हादसे का खतरा

**हिसार।** शहर के 12 क्वार्टर स्थित ढाणी किशन दत्त क्षेत्र में बिजली निगम की कथित लापरवाही लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है। बाल्मीकि हनुमान मंदिर के पास लगे ट्रांसफार्मर पर हाई पावर फ्यूज जमीन से महज तीन से चार फुट की ऊंचाई पर खुले रूप में लगाए गए हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

12 क्वार्टर स्थित ढाणी किशन दत्त में बाल्मीकि हनुमान मंदिर के निकट दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के ट्रांसफार्मर पर लगे खुले हाई पावर फ्यूज स्थानीय निवासियों के लिए खतरे का कारण बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ये फ्यूज जमीन से केवल तीन से चार फुट की ऊंचाई पर लगे हुए हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले छोटे बच्चों और पशुओं, विशेषकर बेसहारा गायों के करंट की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है। मोहल्लावासी संजय मुवाल, मुकेश सैन, प्रकाश चंद्र, राजकिरण और अशोक गुर्जर ने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं।



**हिसार।** जमीन से कुछ फुट ऊपर लगा ट्रांसफार्मर फ्यूज। *फोटो : हरिभूमि*

## छह महीने में 117 उद्घोषित अपराधी व 146 बेल जम्पर पकड़े

**हिसार।** हिसार पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ में पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी कार्रवाई करते हुए उद्घोषित अपराधियों एवं बेल जम्परों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाने का कार्य किया है। आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 तक हिसार पुलिस द्वारा 40 उद्घोषित अपराधियों तथा 106 बेल जम्परों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं 1 जनवरी 2026 से 30 जून तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस ने 117 उद्घोषित अपराधियों , 146 बेल जम्परों तथा 2 इनामी उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिद्धांत जैन ने इस सफलता पर पुलिस की सराहना की।

# पेयजल संकट: ग्रामीणों का दो दिन का अल्टीमेटम

- गांव की चौपाल परिसर में हुई पंचायत में लिया फैसला
- 6 इंच की पाइपलाइन में सिर्फ 2 इंच पानी मिलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

गांव सिंघवा राघो में लंबे समय से गहराए पेयजल संकट को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गांव की चौपाल परिसर में आयोजित समस्त ग्रामीणों की पंचायत में प्रशासन के ढुलमुल रवैये के खिलाफ गहरा रोष जताया गया। पंचायत ने दो टूक शब्दों में प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि पेयजल किल्लत का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण बरवाला-हांसी मार्ग पर चक्का जाम कर उग्र आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



**बरवाला।** पेयजल समस्या को लेकर पंचायत करते सिंघवा राघो के ग्रामीण।

### चानौत के धरने को दिया समर्थन

सिंघवा राघो की पंचायत में ग्रामीणों ने पड़ोसी गांव चानौत में पेयजल समस्या को लेकर चल रहे धरने का भी समर्थन किया। ग्रामीणों का कहना था कि पानी की समस्या से पूरा इलाका त्रस्त है। यदि प्रशासन ने समय रहते सुध नहीं ली, तो क्षेत्र के अन्य गांवों को साथ जोड़कर इस आंदोलन को और अधिक व्यापक व बड़ा रूप दिया जाएगा।

### अब आर-पार की लड़ाई: सरपंच प्रतिनिधि

सरपंच प्रतिनिधि नरेश उर्फ काला ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के आला अधिकारियों के चक्कर काटे जा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट चुका है। यदि दो दिन के भीतर जलघर तक 6 इंच की क्षमता के अनुरूप नियमित और पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। पंचायत में गांव की मुख्य समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के जलघर के लिए रजबाहे से 6 इंच की पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन इसमें क्षमता के विपरीत केवल 2 इंच पानी ही छोड़ा जा रहा है।

## बीपीएल महिलाओं-किशोरियों को मिलेंगे मुफ्त सेनेटरी नैपकिन

**हिसार।** जिले की बीपीएल श्रेणी की 10 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं एवं किशोरियों को अब मासिक धर्म स्वच्छता के लिए निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे।

यह सुविधा सरकार द्वारा संचालित हरियाणा महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत दी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने बताया कि योजना का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना, सुरक्षित एवं सम्मानजनक मासिक धर्म प्रबंधन सुनिश्चित करना तथा मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना है। पात्र लाभार्थी अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



**हांसी।** गली में जमा सीवर व गंदा पानी दिखाते आप नेता सचिन जैन व अन्य।

## सड़क और सीवर व्यवस्था पर आप का हमला, विधायक को घेरा

**हांसी।** आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने शहर की खराब सड़क और सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय विधायक विनोद भ्याना व नगर परिषद पर निशाना साधा। उन्होंने बस स्टैंड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने की गली के फोटो और वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया कि शहर की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। सचिन जैन ने कहा कि विधायक विनोद भयाना न तो शहर संभाल पा रहे हैं और न ही गांव। उन्होंने दावा किया कि संबंधित गली जर्जर स्थिति में है और सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि परिषद अधिकारी दुकानदारों के झाड़ लगाने और कूड़ा एकत्रित करने जैसे मामलों में चालान काट रहे हैं, जबकि शहर में जगह-जगह फैली गंदगी और बदहाल सफाई व्यवस्था पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

## सड़क पर कचरा फैलाने वाले 5 कबाड़ियों के काटे चालान

**हांसी।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने मंगलवार को चार कुतुब क्षेत्र में कयामसर झील के समीप कार्रवाई करते हुए सड़क पर सरेआम कचरा फैलाने वाले कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए गए। नगर परिषद अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ कबाड़ी सड़क किनारे कचरा फैलाकर गंदगी फैला रहे थे, जिससे आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर परिषद ने पांच कबाड़ियों के चालान किए। प्रत्येक कबाड़ी पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## मांगों को लेकर अध्यापकों ने एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की

- मांगों का शीघ्र समाधान नहीं करने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी
- अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लेना बंद करने की मांग

**हिसार।** अध्यापकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा तथा स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आह्वान पर मंगलवार को जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। भूख हड़ताल की शुरुआत पूर्व अध्यापक नेता सुरेंद्र सैनी, जयवीर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक सैनी, किसान सभा के जिला प्रधान कपूर सिंह बगला, शमशेर सिंह नम्बरदार, सर्व कर्मचारी संघ हिसार ब्लॉक के प्रधान राजेश बागड़ी, ब्लॉक सचिव जयकुमार सिवाच, हेमसा के राज्य महासचिव हितेंद्र सिहाग, अध्यापक संघ की राज्य उपप्रधान अलका तथा जनवादी महिला समिति की जिला सचिव बबली लांबा ने पदाधिकारियों को मालाएं पहनाकर की। एक दिवसीय भूख हड़ताल पर राजेश मेहरा, अशोक यादव, संदीप मिरका, नरेंद्र लोरा, विजय कुमार, पवन कुमार, राजेंद्र दूहन, सुरेश कुमार, कृष्ण भर्री, राजेश जागलान, सुमन देवी और रामनाथ बैठे।




**हिसार।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ पदाधिकारी।

## अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से हड़कंप

- मार्केटों व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण, सामान जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने अर्बन एस्टेट, दिल्ली रोड, जिन्दल चौक से जिन्दल अस्पताल और आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद साउथ बाइपास तथा तालाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला, ऋषि नगर तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान ऋषि नगर की गली नंबर-2 से एक रेहड़ी भी जब्त की गई। अभियान के दौरान पड़ाव चौक पर बांस विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपना सामान दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर रखें। अन्यथा नियमों का उल्लंघन करने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके बाद टीम ने पड़ाव चौक से नई सब्जी मंडी और डीसीएम मिल तक अतिक्रमण हटाया। डोगरान मोहल्ला रोड पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

## आज से बीपीओ जी राम योजना का होगा शुभारंभ

**हिसार।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन (बीपीओ जी राम) योजना का शुभारंभ 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में किया जाएगा। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आजीविका का स्थायी आधार उपलब्ध कराना है। डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद सुभाष चंद्र ने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

# 400 मेडिकल स्टोर पर लगे सीसीटीवी पंद्रह दिन में होगी रिकॉर्डिंग चेक

- सीटीएम ने दिए 17 हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी के निर्देश
- नशे पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा व पुलिस विभाग मिलकर करें कार्रवाई : सीटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी और सेवन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पुलिस विभाग को आपसी तालमेल से ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को जिला सचिवालय में आयोजित एनकोर्ड समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम हिमांशु चौहान ने यह बात कही। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाए। साथ ही खेल, योग, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जाए ताकि उनका ध्यान सकारात्मक दिशा में रहे। स्कूलों में गठित धाकड़ टीमें जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जिले के करीब 400 मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। हर 15 दिन में इन कैमरों की रिकॉर्डिंग की नियमित जांच की जाए। इससे संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सकेगी।



**हांसी।** एनकोर्ड समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सीटीएम हिमांशु चौहान।

### हांसी को नशा मुक्त बनाना प्राथमिकता

*नशा केवल व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे की दल-दल से बचाने के लिए सभी विभागों को गंभीरता से मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता हांसी क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। -हिमांशु चौहान सीटीएम*

## जहां कभी था कूड़े का अंबार, अब वहां महकेगी बगिया

**हांसी।** नगर परिषद हांसी के प्रयासों से समाधा रोड़ स्थित कयामसर झील क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। जहां कुछ समय पहले तक करीब एक एकड़ भूमि पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे थे, वहीं अब उस स्थान को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी ने बताया कि वर्षों से जमा कचरे के निस्तारण के लिए गुरुग्राम की एक निजी कंपनी को टेंडर दिया गया था। कंपनी ने निर्धारित समय में करीब 41 हजार टन कूड़ा-कचरा हटाकर बीड़ फार्म स्थित डंपिंग पॉइंट तक पहुंचाया। कूड़ा हटने के बाद खाली हुई भूमि पर पौधारोपण का कार्य भी किया गया है। आने वाले समय में यहां एक सुंदर बगिया विकसित होगी, जहां हरियाली और फूलों की खुशबू लोगों को आकर्षित करेगी। ईओ राजेंद्र सोनी ने कहा कि इस अभियान से न केवल क्षेत्र की स्वच्छता सुनिश्चित हुई है, बल्कि कयामसर झील की प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ेगी।

## 40 लाख की धोखाधड़ी मामले में आरोपी से की पूछताछ

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी शुभम गुप्ता को जांच में शामिल कर पूछताछ की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मारबल सिटी निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दी थी कि आरोपियों ने प्लॉट और मकान उसके नाम कराने का झांसा देकर उससे 40 लाख रुपये ले लिए, लेकिन बाद में वादे से मुकर गए। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए उसे विश्वास में लेकर राशि हासिल की और संपत्ति किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी। जांच में भिवानी निवासी शुभम गुप्ता की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया।

